दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली।। मंगलवार 27 अगस्त -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 317 पेज-11 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## पीएम मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दी देशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** देशभर में सोमवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन्माष्टमी के पर्व की देशवासियों को शुभकामनाएं दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पोस्ट पर लिखा- जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर मैं सभी देशवासियों को बधाई देती हूं। यह त्योहार हमें भगवान श्री कृष्ण के दिव्य आदर्शों के प्रति समर्पित होने के लिए प्रेरित करता है। आइए इस अवसर पर, हम भगवान श्री कृष्ण की शिक्षाओं को आत्मसात करें तथा देश की प्रगति और समृद्धि के लिए कार्य करने का संकल्प लें। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जन्माष्टमी की बधाई दी। उन्होंने कहा, जन्माष्टमी के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं।



# गाजियाबाद के मंदिरों में रही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम

## लड्डू गोपाल के जन्मोत्सव पर सजे दरबार, कहीं हुई आरती तो कहीं लगा कान्हा को भोग

गाजियाबाद, करंट क्राइम : सोमवार को जन्माष्टमी का महोत्सव गाजियाबाद जिलेभर में हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। शहर से लेकर देहात के मंदिरों में नंदलाल के जन्मोत्सव की रौनक देखने को मिली। तो वहीं शहर के राजनगर स्थित इस्कॉन मंदिर से लेकर कवि नगर ,ठाकुरद्वारा और मोहन नगर मंदिर तक भव्य सजावट का नजारा देखने को मिला। रात 12 बजाते ही कान्हा के जन्म की खुशियां मनाई गई। कहीं लड्डू गोपाल को पालना में झूला झुलाया गया, तो कहीं छप्पन भोग और विशेष श्रृंगार कर जन्मोत्सव को खास मनाया गया। शहर की अलग-अलग सोसाइटियों और सामाजिक संस्थाओं की ओर से भी कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व को उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान शहरभर के प्रमुख मंदिरों के आसपास पुलिस की तैनाती की गई थी। वहीं राजनगर स्थित इस्कॉन टेंपल से लेकर अन्य प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा का पूरा बंदोबस्त किया गया था। पुलिस के अधिकारी देर रात तक यही मौजूद रहे। साथ ही महिला पुलिस बल के साथ ही सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पर तैनात किया गया था।



जन्माष्टमी के अवसर पर पूजन के बाद दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज से मुलाकात करते सुरेश प्रभु और एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव।

## मंदिरों में हुआ श्रृंगार, नजर आए कन्हैया के कई रूप







## पुलिस लाइन और जेल में भी सजाए गए मंदिर और हुआ भजन कीर्तन





करंट क्राइम : सोमवार को जन्माष्टमी का महोत्सव था, इस दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की पुलिस लाइन और डासना स्थित जिला कारागार को भी रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया। यहां रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और झांकियां सजाई गई थीं। जहां डासना जेल में बंदियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, तो वहीं पुलिस लाइन में भी भजन कीर्तन और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ। इस दौरान पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इसमें भाग लिया और जन्माष्टमी के पर्व को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे उत्साह के साथ मनाया गया।

## सुबह से लेकर रात तक इस्कॉन में लगी रही भक्तों की भीड़





करंट क्राइम : कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान लड्डू गोपाल के दर्शन पाने के लिए राजनगर स्थित इस्कॉन टेंपल में सुबह से लेकर देर रात तक भक्तों की भीड़ लगी रही। इस्कॉन टेंपल को भव्य लाइटिंग सुसज्जित किया गया। वहीं मंदिर को सुगंधित फूलों के साथ ही एलईडी लाइटों से सजाया गया। इसके साथ ही यहां भगवान राधा कृष्ण के दरबार को भी सजाया गया। साथ ही भक्तों को प्रसाद वितरण करते हुए यहां भव्य मंच और दरबार भी सजाया गया। रात जैसे ही 12 बजे भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ, तो जय कन्हैया लाल की, हाथी-घोड़ा पालकी के जयघोष लगे। पूरा मंदिर हरे कृष्णा- हरे राम से गूंज उठा।









## कवि नगर और ठाकुरद्वारा मंदिर में भी उमड़ा भक्तों का सैलाब

करंट क्राइम : राज नगर स्थित मंदिरों में भी भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं कवि नगर स्थित स्वयं भू मंदिर और ठाकुर द्वारा मंदिर के साथ ही मोहन नगर के मंदिर में भी भगवान श्री कृष्ण का दरबार सजाया गया और उनकी पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही गोविंदपुरम, शास्त्री नगर, कवि नगर, चिरंजीव विहार, लोहिया नगर और दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर सहित शहर के प्रमुख मंदिरों में भगवान नंदलाल का पूजा अर्चना कर उनके अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की गई।

## मंत्री नरेंद्र कश्यप और महापौर सुनीता दयाल ने कई कार्यक्रमों में लिया भाग

करंट क्राइम : सोमवार को कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने राजनगर स्थित इस्कॉन टेंपल में भगवान श्री कृष्ण के दर्शन किए। पूजा अर्चना की, वहीं मंत्री नरेंद्र कश्यप ने आरती व अभिषेक भी किया। इसके साथ ही शहर की प्रथम नागरिक महापौर सुनीता दयाल ने भी जन्माष्टमी के अवसर पर नेहरू नगर के मंदिरों में भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना करते हुए, उनके पालने को झूला झूलने का काम किया।

## मंदिरों में रहे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

करंट क्राइम : राज नगर स्थित इस्कॉन टेंपल की सुरक्षा की कमान एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव संभाल रहे थे। उन्होंने जानकारी दी है कि यहां बड़ी संख्या में निरीक्षकों, उप निरीक्षकों और महिला सब इंस्पेक्टर की तैनात की गई है। तो वहीं सुरक्षा के लिहाज से यहां फायर टेंडर और यातायात पुलिस की भी व्यवस्था की गई थी ताकि किसी प्रकार की आपात स्थिति से निपटा जा सके। वहीं भक्तों को सकुशल दर्शन कराने के लिए इस बार लोहे की लंबी बेरिकेडिंग की व्यवस्था की गई थी। जिसके बीच से होकर भक्त इस्कॉन टेंपल के अंदर प्रवेश कर रहे थे और वहीं से उनको बाहर निकाला जा रहा था। इस दौरान तीन स्थानों पर पार्किंग का भी प्रबंध किया गया था।





















श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की मन को मोह लेने वाली तस्वीरें और झांकियां अंदर के पृष्ठों में देखें


श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की खुशियों को पाठकों ने करंट क्राइम परिवार के साथ साझा किया
अयांश कुमार
आदविक राव चतुर्वेदी
आदविक
एंजल तंवर
अनमोल तंवर
अरहान जफर अलि
अरिवम गुप्ता
अर्जुन
अव्यान चौधरी
भव्या
जनिस कुमार नागर युग नागर
लव्न्या
Happy Birthday कान्हा
करंट क्राइम
अयांश
चौधरी अभियांश सिंह
जीविका त्यागी और मिशिका त्यागी
ध्रुव शर्मा
माया पंत
नायरा
जानवी मुदगल
मनीश
नित्या शर्मा
प्रिंस गुप्ता
साक्षी पाल
सीरत अरौरा
शिवांश शेखर गुप्ता
तेजश
तेजश कागरा
विराट पांचाल
हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की!!

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली।। मंगलवार 27 अगस्त-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित










## आजाद समाज पार्टी के मुखिया चन्द्रशेखर की सभा में उमड़ी दलित मुस्लिम युवाओं की भीड़

# सपा इंडिया गठबंधन और बसपा के लिए है खतरे की घंटी!

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में क्राउड का अपना ही प्राउड होता है। प्राउट होता है तो रैली का सुर लाउड होता है। क्राउड देखकर नेता को प्राउड होता है और क्राउड से ही कई बार सत्ता के क्राउन तय होते हैं। हालांकि ये भी सत्य है कि भीड़ कभी वोट की गारंटी नहीं होती है लेकिन राजनीति में जनसभाओं में भीड़ और मतदान के दिन मतदान केन्द्रों के बाहर बस्तों पर जनता का रूझान ये तय कर देता है कि सियासी हवा किस तरफ बह रही है। राजनीतिक आंकलन भी भीड़ के आधार पर लगाये जाते हैं और नीले वोट बैंक में अगर किसी ने सबसे बड़ी सेंध लगायी है तो वो आजाद समाज पार्टी है।






आजाद समाज पार्टी के मुखिया चन्द्रशेखर अब माननीय लोकसभा सांसद हैं वो नगीना सीट से लोकसभा का चुनाव जीतकर संसद पहुंचे हैं और उनकी जीत इन मायनों में बडी है कि जब बसपा का एक भी सांसद चुनाव नहीं जीता है तब बसपा के मुकाबले बेहद नई पार्टी और कम सियासी अनुभव के बावजूद चन्द्र शेखर ने ये बड़ी जीत हासिल कर संदेश दिया है कि आने वाले समय की दलित राजनीति का वो बड़ा चेहरा हैं। यहां तक तो ठीक है लेकिन उपचुनाव के माहौल में जब चन्द्रशेखर गाजियाबाद आये तो उनकी जनसभा में उमड़ी भीड़ इंडिया गठबंधन यानी कांग्रेस सपा गठबंधन और बसपा के लिए खतरे की घंटी है। आजाद समाज पार्टी के मुखिया चन्द्रशेखर 24 अगस्त को गाजियाबाद आये और नवयुग मार्किट के अम्बेडकर पार्क में उन्होंने एक जनसभा को सम्बोधित किया। यहां पर उनकी जनसभा में दलित नौजवानों की एक बड़ी भीड पहुंची थी और मुस्लिम नौजवानों की एक बड़ी भीड इस जनसभा में दिखाई दी। अब संदेश यही था कि अगर बसपा का कोर वोट बैंक माना जाने वाला दलित मुस्लिम यानी डीएम समीकरण एकजुट हुआ तो ये सपा कांग्रेस और बसपा के लिए खतरे की घंटी है क्योंकि बसपा पहले से ही सियासी रेस में पिछड रही है। उसके पार अब असरकारक फेस भी नहीं है और ऐसे में अगर दलित और मुस्लिम युवाओं का रूख चन्द्रशेखर आज की ओर होता है और वो चन्द्रखेकर को अपना रोल मॉडल मानते हैं तो इसके बड़े इफैक्ट हैं।





### दलित वोट हुआ डॉयवर्ट तो बीजेपी को मिलेगी आक्सीजन

**करंट क्राइम।** राजनीतिक जानकार ये मानते हैं कि लोकसभा चुनावों में भाजपा जिन भी सीटों पर हारी है वहां भाजपा का मूल वोटर तो उसके साथ रहा लेकिन बसपा का कैडर वोट खिसक कर कांग्रेस में चला गया और इससे भाजपा को झटका लगा। जो भाजपा उत्तर प्रदेश में 80 सीटों पर जीत का नारा दे रही थी वो केवल 33 सीटों पर सिमट गई जबकि उसके सहयोगी दल रालोद की 2 सीट आईं। अब ऐसे में ये बडा सवाल है कि चन्द्रशेखर दलित राजनीति का बड़ा चेहरा बनकर सामने आये हैं। उनका आक्रमक अंदाज दलित मुस्लिम युवाओं को पसंद आ रहा है। अगर दलित वोट चन्द्रशेखर की तरफ डायवर्ट हो गया तो इसका सीधा फायदा बीजेपी को मिलेगा। लोकसभा चुनावों के बाद मुरझाता कमल आक्सीजन ले जायेगा। चुनाव समीकरण पर होते हैं और समीकरण कभी भी बदल जाते है। जहां तक गाजियाबाद की बात है तो यहां दो चुनावों में कभी मोदी लहर तो कभी योगी लगर बेडा पार लगा रही है। बाकी काम उसके देवतुल्य कार्यकर्ता कर देते हैं।

### कुल्हाड़ी-कैंची-हाथी के बाद केतली पर हैं सतपाल

**करंट क्राइम।** भीम आर्मी वाले चन्द्रशेखर ने आजाद समाज पार्टी के टिकट पर सतपाल चौधरी को उम्मीदवार घोषित किया है। सतपाल सियासी अखाडे के पुराने पहलवान है लेकिन उनके नाम जीत वाला कोई तमगा नहीं है। वो कुल्हाडी के चुनाव चिन्ह पर देहात मोर्चा से चुनाव लड चुके है। वो नेशनल लोकतांत्रिक पार्टी के चुनाव चिन्ह कैंची पर चुनाव लड़ चुके है। उनकी पत्नी मुन्नी देवी बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुकी हैं। लेकिन इन चुनावों में सतपाल चौधरी मुख्य मुकाबले में भी नहीं है। एक चुनावी मुकाबले में तो उन्होंने देहाती हास्य कलाकार शेख चिल्ली को बुलाकर प्रचार कराया। शेख चिल्ली ने लोगों को हंसाया लेकिन वो सतपाल चौधरी के लिए वोट नहीं ले पाया। इस बार चन्द्रशेखर ने उन्हें मोका दिया है। इस बार केतली में कितना उबाल आता है ये समय बताया और आजाद समाज पार्टी का ये उम्मीदवार कितने वोट ले पायेगा ये देखने की बात है। क्योंकि चन्द्रशेखर का अपना क्रेज है। उनसे मिलने भीड आ सकती है लेकिन ये भीड वोट में सतपाल कैसे तब्दील करेंगे ये देखने की बात है।

### वोटों का विभाजन डालेगा चुनावी परिणाम पर बड़ा असर

**करंट क्राइम।** चुनाव समीकरण का होता है चुनाव लहर का होता है और कई बार जब वोट विभाजन होता है तो चुनाव फंस भी जाता है। चुनाव शहर में हो रहा है और उपचुनाव हो रहा है। शहर में लहर कितनी है ये पता चलेगा लेकिन बड़ी बात ये है कि उपचुनाव में मतदान का प्रतिशत और वोटों का विभाजन निर्णायक भुमिका निभायेगा। वोटों का विभाजन किस तरह से असर डालता है इसका सबसे बड़ी मिसाल मुरादनगर विधानसभा से जीते वहाब चौधरी थे। यहां सपा,भाजपा और कांग्रेस में जितना कडा मुकाबला हुआ उसका सीधा असर बसपा के वहाब चौधरी को मिला। वोटों के विभाजन ने उन्हें विधायक बना दिया था। उपचुनाव में भी इस फैक्टर के इफैक्ट दिखाई देंगे। यहां पर लाईन पार क्षेत्र में हुआ मतदान और कैला भट्ठा, इस्लाम नगर, कस्साबान सराय, चमन कॉलोनी, मिजार्पुर में हुआ मतदान का प्रतिशत तय करेगा। सबसे बड़ी बात ये है कि उपचुनाव में शहरी इलाकों में वोटर घर से बाहर नहीं निकला तो सारे समीकरण गडबडा जायेगें। चुनाव वोटरों के रूझान और मतदान के प्रतिशत पर पूरी धुरी को घुमायेगा।

# जन्माष्टमी पर आई कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की भावुक कर देने वाली पोस्ट, बहे आंसू

## अवध बिहारी राम आये हैं, कुंज बिहारी कृष्ण भी अपने जन्म स्थान पर जल्दी आयें

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा सनातन संस्कृति धर्म के प्रति अघाद आस्था रखते हैं। नित्य प्रतिदिन मंदिर जाना और पूजा अर्चना करना उनका नित्य का रूटीन है। देश के लगभग सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों पर घूम चुके हैं माथा टेक चुके हैं। ये उनकी आस्था विषय है और वो इस बात को पूर्व में कई बार दोहरा चुके हैं कि उनकी इच्छा है पूरे विश्व में सनातन धर्म की पताका फहराये। आस्थाओं की बात है कि वो जब श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर माथा टेकने गये तो उनके आंसू निकल पड़े। वो अपनी भावनाओं पर नियंत्रण नहीं कर पाये। उनका एक वीडियो फेसबुक पर आया। जिसमें वो श्रीकृष्ण जन्मभूमि स्थल पर गये हैं। हालांकि ये वीडियो पुराना है और खुद कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने लिखा है कि पिछले महीने श्रीकृष्ण जन्मभूमि के दर्शन करने का परम सौभाग्य मिला था। उन्होंने कहा दर्शन कर मन बहुत भावुक हो गया।








यहां पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा अपनी भावनाओं को अपने शब्दों में व्यक्त कर रहे हैं। उनके इस वीडियो में पहले लगा कि पहले लगा कि शायद आंखों पर हाथ ऐसे ही रख लिया होगा। लेकिन जब उन्होंने हाथ हटाया तो उनकी आंखों में आंसू थे और इन आंसुओं का जिक्र कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपनी पोस्ट में भी किया है। जन्माष्टमी पर्व ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ये पुरानी पोस्ट डाली और लिखा कि दर्शन कर मन बहुत भावुक हो गया, आंसु रूक ना सके। मन से बस यही बात निकली कि अवध बिहारी राम आये हैं कुंज बिहारी कृष्ण भी अपने जन्मस्थान पर जल्दी आयें। ये शब्दों के साथ भावनाओं का एक मेल था। जब कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की आंख में आंसु हैं और मन में ये विचार आया है कि हे प्रभु श्रीकृष्ण अब आप अपनी जन्मभूमि में आईये। कैबिनेट मंत्री की ये भावुक पोस्ट श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर एक बड़ा संदेश लिए हुए है। उनकी आंखों में आंसू है शब्दों में मन के भाव छुपे हैं।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी सांसद अतुल गर्ग को जन्मदिन की बधाई







**करंट क्राइम।** सोमवार को लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का जन्मदिन था। हालांकि भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष विजय मोहन के युवा पुत्र अर्पित मोहन के आकस्मिक निधन के बाद सांसद अतुल गर्ग ने अपने सभी समर्थकों से जन्मदिन ना मनाने की अपील की थी। उन्होंने सभी कार्यक्रम निरस्त किये थे और कहा था कि वह इस घटना से बेहर आहत है और अपना जन्मदिन ना मनाने का फैसला लिया। लेकिन मुख्यमंत्री आवास और कार्यालय पर पत्राचार पहले ही हो जाता है और सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को जन्मदिन की शुभकामनाओं का पत्र प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को बधाई देते हुए लिखा कि आप लंबे समय तक समाज व देश की सेवा करते रहें। प्रभु से यही कामना है। आपके स्वस्थ सक्रिय एवं सुधीग्र जीवन हेतु मेरी मंगलकामनाएं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को उनके जन्मदिन पर शुभकामनांओं का पत्र भेजा है।

# कब होगी 50 हजार के इनामी बाबा मुकेश गिरी की गिरफ्तारी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के लिए मुरादनगर गंग नहर मामले का मुख्य आरोपी महंत मुकेश गिरी 4 महीने से फरार चल रहा है। पुलिस इसे ढूंढ पाने में नाकामयाब है। घाटों पर स्नान करतीं महिलाओं के वीडियो बनाने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई।

**मुरादनगर गंग नहर मामला**

प्रमुख सचिव से जवाब मांगा। 12 सितंबर तक बंद लिफाफे में जांच रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया। जस्टिस विक्रम डी चौहान पुलिस की जांच में सबूत छिपाकर हलफनामा दाखिल करने पर नाराज हुए। दरोगा की भूमिका को लेकर गाजियाबाद पुलिस उपायुक्त से हलफनामा मांगा। कहा- ठोस सबूत छिपा लिए गए। पूछा कि महिला आयोग का पत्र और न्यूज रिपोर्ट किस तरह से आरोपी के खिलाफ सबूत माने जाएंगे?

मामला 3 महीना पुराना है। 21 मई को गाजियाबाद के गंग नहर घाट पर शनि मंदिर के बाहर बने चेंजिंग रूम के ऊपर उउळश कैमरा लगा मिला। कैमरे की लाइव फीड मंदिर के महंत मुकेश गिरी के मोबाइल पर थी। पुलिस को ऊश्रफसे महिलाओं के कपड़े बदलते हुए कुछ क्लिप्स भी मिलीं। महंत के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। वह फरार है। पुलिस ने उस पर 50 हजार का इनाम रखा है।

# पूर्व विधायक असलम चौधरी को मिली जमानत

## कहा मैं न्यायालय का करता हूं सम्मान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** एमपी एमएलए न्यायालय द्वारा जारी गैर जमानती वारंट के तहत मसूरी पुलिस द्वारा रविवार को गिरफ्तार किए सपा के पूर्व विधायक असलम चौधरी को सोमवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां उन्हें सशर्त जमानत पर छोड़ दिया गया। हालांकि न्यायालय ने साफ कर दिया कि यदि भविष्य में असलम तय तारीख पर कोर्ट में पेश नही हुए तो उनकी पुनः गिरफ्तारी हो सकती है। इन्ही शर्तों पर उन्हे जमानत दे दी गई। जैसे ही सपा के पूर्व विधायक असलम चौधरी की जमानत हुई। समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।



पूर्व विधायक असलम चौधरी ने कहा कि इंसानियत और मानवता की खातिर जिस तरह मेरे द्वारा लोगो की मदद की जा रही है मुझे कोई अफसोस नही है। बहरहाल जमीनी मामले में गैर जमानती वारंट न्यायालय द्वारा जारी किए गए थे। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि मसूरी पुलिस ने उन्हें एक बहुत बड़ा अपराधी दशार्ने का प्रयास किया। गैर जमानती वारंट पर गिरफ़्तार कर यह प्रसारित करने का प्रयास किया गया। जैसे उन्होंने बहुत बड़ा अपराध किया हो ,मुझे पुलिस से भी कोई शिकायत नही है, वहीं उन्होने कहा है कि पुलिस ने अपना काम किया है। हालांकि न्यायालय द्वारा जमानत दे दी गई है।

# क्या हिमांशु लव के पंजाबी चैनल ने दे दी है भगवा दावेदारों को टेंशन

## हिमांशु लव ने रणनीति पर चलते हुए कर ली है कम्यूनिटी क्रिएट

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के पूर्व पार्षद हिमांशु लव राजनीति और समाजिक सरोकारों से जुड़कर चलते हैं। वो किसी भी मुद्दे पर अपने सुझाव देने से पीछे नहीं हटते। वो किसी भी मुद्दे पर अपनी बात कहने से नहीं चूकते और इन दिनों हिमांशु लव सियासी गलियारों में राजनीति की वजह से नहीं बल्कि अपने पंजाबी चैनल की वजह से छाए हुए है। हिमांशु लव का पंजाबी चैनल धीरे धीरे पंजाबी कम्यूनिटी का एक बड़ा प्लेटफार्म बना है। हिमांशु लव ने एक सधी हुई रणनीति पर चलते हुए अपने चैनल को पंजाबी समाज का एक सबसे बड़ा सोशल प्लेटफार्म बनाया है। वो पंजाबी समाज के कई चेहरों को लेकर आये है और हिमांशु लव के पंजाबी चैनल ने भगवागढ़ के भाजपाई दावेदारों को टेंशन दे दी है। हालांकि हिमांशु लव इससे इंकार करते हैं। वो अपने चैनल को लेकर ये स्पष्ट बताते हैं कि उनका उद्देश्य पंजाबी समाज के प्रतिभाशाली लोगों को सामने लाना है। पंजाबी समाज के संघर्षशील इतिहास को बताना है। वो युवा पीढ़ी को इस चैनल के माध्यम से बताना चाहते हैं कि पंजाबी समाज की आर्थिक, सामाजिक राजनीति तरक्की एक दिन में नहीं हुई है इसके लिए संघर्ष का एक पूरा सफर है। लेकिन भाजपा के उन दावेदारों को पंजाबी चैनल से टेंशन होने लगी है जो उपचुनाव में टिकट की दावेदारी कर रहे है। उनको लग रहा है कि हिमांशु लव किसी ना किसी पंजाबी चेहरे के लिए एक प्लेटफार्म तैयार कर रहे है। जबकि हिमांशु लव का कहना है कि वह तो शहर विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में खुद दावेदार है और चैनल के माध्यम से उनका सिर्फ इतना उद्देश्य है कि वो पंजाबी समाज के चेहरों को आगे लायें, उनकी पहचान बतायें।



वहीं इस रणनीति को समझ रहे लोगों का कहना है कि हिमांशु लव ने सधी हुई रणनीति के तहत पंजाबी चैनल के माध्यम से एक कम्यूनिटी क्रिएट की है वो रोजाना इस काम को सफलतापूर्वक कर रहे हैं। पंजाबी चेहरों को उन्होंने खुलकर बात रखने का एक प्लेटफार्म दिया है। वहीं ये भी माना जा रहा है कि हिमांशु लव के पंजाबी चैनल का पूरा तानाबाना एक रणनीति के तहत है। इसमें पंजाबी समाज के लगातार आ रहे चेहरों के साथ ये संदेश दिया है कि पंजाबी समाज राजनीतिक रूप से सक्रिय है। शहर की जनसंख्या में उनकी भी एक बड़ी संख्या है और भागीदारी है। अब ये समाज भी राजनीतिक रूप से जाग्रत हो रहा है और अपनी भागीदारी पूछ रहा है। बहरहाल हिमांशु लव का पंजाबी चैनल इन दिनों सुर्खियों में है और पंजाबी समाज के लीडर हिमांशु लव के चैनल को लेकर पंजाबी समाज के भीतर एक मजबूत और सकारात्मक संदेश गया है।

## संपादकीय

# पेंशन पर उलझन दूर

सरकारी कर्मचारियों के लिए शनिवार को घोषित एकीकृत पेंशन स्कीम (UPS) को सही अर्थों में मध्यम मार्ग का एक अच्छा उदाहरण कहा जा सकता है। इस स्कीम के जरिए सरकार ने जहां कर्मचारियों के भविष्य से जुड़ी असुरक्षा दूर करने की कोशिश की है, वहीं बजट पर पड़ने वाले बोझ के अनुपात का भी ध्यान रखा है।

निश्चित रूप से इस कदम का चुनावी पहलू खासा अहम है। हालांकि इसके पीछे सोच-विचार की लंबी प्रक्रिया दिखती है। केंद्र सरकार ने पेंशन स्कीम पर विचार करने के लिए अप्रैल 2023 में ही तत्कालीन वित्त सचिव टीवी सोमनाथ की अध्यक्षता में एक समिति बना दी थी। व्यापक विचार-विमर्श के बाद समिति ने अपनी सिफारिशें दीं, जिन पर कैबिनेट ने शनिवार को मुहर लगा दी। मगर यह मंजूरी ऐसे समय दी गई जब हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के लिए विधानसभा चुनाव की तारीखें घोषित हो चुकी हैं। महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली में अगले कुछ महीनों में चुनाव होने तय हैं। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने कई विधानसभा चुनावों में ओल्ड पेंशन स्कीम (OPS) की वापसी को प्रमुख मुद्दा बनाया था। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस को मिली जीत के पीछे इस मुद्दे की प्रमुख भूमिका मानी गई थी। हालांकि मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों के चुनाव नतीजों पर इसका खास असर नहीं देखा गया। एक्सपर्ट्स की तरफ से यह भी कहा जा रहा था कि ओल्ड पेंशन स्कीम देश भर में फिर से लागू करने का विचार इकॉनमी के लिहाज से खासा नुकसानदेह हो सकता है। इन्हीं वजहों से कांग्रेस ने भी लोकसभा चुनावों में इसे उठाने से परहेज किया। इन सबके बावजूद नई पेंशन योजना खास तौर पर सरकारी कर्मचारियों के बीच बेचैनी की वजह बनी हुई थी। माना जा रहा था कि सरकारी सेवा में पूरी जिंदगी खपाने वालों को सेवानिवृत्ति के बाद जिस तरह की आर्थिक सुरक्षा मिलनी चाहिए।

# आरबीआई लाने जा रहा यूएलआई सिस्टम, एमएसएमई और कृषि क्षेत्र को लोन देने में आएगी तेजी

**बेंगलुरु।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) राष्ट्रीय स्तर पर यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस (यूएलआई) लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। यह यूपीआई की तरह ही होगा, जो कि अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण सेक्टर जैसे कृषि और एमएसएमई को लोन देने का कार्य करेगा। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की ओर से सोमवार को यह जानकारी दी गई। ग्लोबल क्रॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि आरबीआई की ओर से पायलट प्रोजेक्ट को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। अनुभव के आधार पर सही समय पर यूएलआई सिस्टम को लॉन्च किया जाएगा। दास की ओर से कहा गया कि यूपीआई ने पूरे पेमेंट सिस्टम को बदल दिया है। ऐसी ही उम्मीद हम यूएलआई सिस्टम से कर रहे हैं। जेएएम-यूपीआई-यूएलआई भारत के डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर यात्रा में अहम भूमिका निभाने वाले हैं। दास ने आगे कहा कि बैंकिंग सिस्टम में डिजिटलाइजेशन को आगे बढ़ाने के लिए आरबीआई की ओर से पिछले साल क्रेडिट देने के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट को लॉन्च किया गया था। इसमें व्यक्ति की अनुमति के आधार पर डिजिटल इन्फॉरमेशन को उपलब्ध कराया जाता है, जिसमें कई राज्यों के जमीनों के रिकॉर्ड, मल्टीपल डेटा प्रोवाइडर्स से लोन देने वाली कंपनियों को डेटा उपलब्ध कराना शामिल है। इससे छोटे और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को लोन देने के समय में कमी आएगी। उन्होंने आगे कहा कि यूएलआई आर्किटेक्ट में सामान्य और स्टैंडर्ड एपीआई है और इसमें विभिन्न स्रोतों से आने वाली जानकारी तक पहुंचने के लिए 'प्लग और प्ले' अप्रोच का इस्तेमाल किया गया है। इससे तकनीकी तौर पर काफी सारी खामियां दूर होती हैं और इससे आसानी से लोन लेने वाले व्यक्ति को बिना किसी लंबे प्रोसेस के लोन मिल जाता है।




# भारत में विभिन्न राजनीतिक दलों का मुख्य उद्देश्य केवल धन कमाना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विपिन गोयल महानगर सहसंयोजक प्रकोष्ठ भाजपा अध्यक्ष व्यापार मंडल विपिन गोयल ने कहा कि देश सेवा की आड़ में पैसा कमाओ, पीढ़ी दर पीढ़ी ऐश करो किंतु एक पार्टी ऐसी भी है जो सही मायने में देश की सेवा करना चाहती है। भारत और भारतीयों का उत्थान करना चाहती है और वह है बीजेपी जो सर्वधर्म समभाव में विश्वास करती है। अगर हम इतिहास देखें तो अन्य पार्टियों में ऐसे बहुत से नाम हैं जिन्होंने अरबों-खरबों की संपत्ति पार्टी में आने के बाद इकट्ठी की है। इन्होंने ऐसा कौन-सा बिजनेस किया है जो यह लोग अरबों-खरबों के मालिक हो गए हैं। यह लोग जानते हैं कि भारत में भ्रष्टाचार में पकड़े गए तो क्या होगा कोर्ट-कचहरी में सिद्ध करते-करते अच्छी सरकार का दम निकल जाएगा, तब तक यह लोग बूढ़े हो जाएंगे अस्पतालों में पड़े रहेंगे लेकिन ऐश जारी रहेगी और एक दिन अल्लाह को प्यारे हो जाएंगे। यदि जनता प्रधानमंत्री का साथ देती है तो मेरा मानना है कि हम भारतीयों की किस्मत बदल जाएगी और भारत नई ऊंचाइयों पर होगा।



## बीएचईएल को अदाणी पावर से मिला 11,000 करोड़ रुपये का ऑर्डर

**मुंबई।** सरकारी कंपनी भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को अदाणी पावर और उसकी सहयोगी कंपनी महान एनर्जेन लिमिटेड (एमईएल) से तीन 'सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्रोजेक्ट' स्थापित करने के लिए 11,000 करोड़ रुपये के ऑर्डर दिए गए हैं। तीनों प्रोजेक्ट में से प्रत्येक 2७800 मेगावाट रेटिंग का होगा जो कि राजस्थान के कवाई और मध्य प्रदेश के महान में स्थापित किए जाएंगे। बीएचईएल की ओर से एक्सचेंज फाइलिंग में कहा गया कि कंपनी को कवाई फेस-क्कप्रोजेक्ट 49 महीने, कवाई फेस-क्कक्कप्रोजेक्ट 52 महीने और महान फेस-क्कक्क प्रोजेक्ट 55 महीने में पूरा करना होगा। कंपनी ने आगे कहा कि वह इन तीन पावर प्रोजेक्ट के लिए उपकरणों की आपूर्ति करने और उन्हें शुरू करने का काम करेगी। जिन उपकरणों की आपूर्ति की जाएगी, इसमें बॉयलर, टरबाइन, जनरेटर्स और अन्य उपकरणों के अलावा कंट्रोल होंगे।




## सरकार के कर्णधार दें जरा इस शिकायती लूट पर भी ध्यान

कहा तो ये गया था कि ना खाऊंगा ना खाने दूंगा मगर सरकारी महकमों में फूल वालों की शिकायते बोल रही हैं कि अजी ऐसे कैसे जाने देगें खुद खायेगें तभी तुम्हे सड़क से लेकर मकान दुकान कुछ बनाने देगें। विकास वाले महकमें में शिकायत बिजनेस ही फूल वालों को फल रहा है। एक मौहल्ला झूठ बोलेगा दो मौहल्ले झूठ बोलेगें या 75 मौहल्ले भी झूठ बोलेगें। दो वाला कमीशन पांच पर आ गया और जैसे जीएसटी एडवांस में जमा हो रही है वैसे ही कमीशनखोरों को पांच परसेंट एडवांस में चाहिये। चलो वो तो चुने हुये हैं लेकिन यहां तो वो भी शिकायते कर के वसूली कर रहे हैं जो ना पार्षद हैं न भगवा नेता। भटटा नबंर 5 वालों ने बताया कि हम तो उस भगवाई से दुखी हैं जिसकी नजर ही यहां के निर्माण पर हैं। वो बता रहे हैं कि उसका साफ कहना है कि हम तुम में मकान बनाओं या दुकान लेकिन मेरा रखो ध्यान। उसे हर निर्माण पर दाम चाहिये वर्ना वो शिकायत की कमान तान देगा। सबसे बड़ी बात ये है कि वो मिलने का स्थान ही भाजपा दफ्तर बताता है। कह चुका है कि सुबह तो मैं भगवा दफ्तर पर मिलता हूं और शिकायत के सोल्यूशन की बात करनी हैं तो दोपहर में मिलो। सरकार बदनाम हो रही है साथ में भगवा दफ्तर भी बदनाम हो रहा है लेकिन इस बात से उस शिकायत बिजनेस वाले भाजपाई को क्या,उसका तो काम हो रहा है। एक बार विकास वाले महकमें में सरकार इसी बात की डिटेल निकलवा ले कि निजी निर्माण की शिकायते किन किन भगवाईयो ने की और किन किन ने अपनी शिकायते वापिस ले ली। जब सरकार वाले ही लूटेंगें,जनता की शिकायते कर जनता को ही ब्लैक मेल करेगें तो मैसेज ठीक नही जाता। सरकार के कर्णधार जरा शिकायतों के नाम पर हो रही भगवा लूट पर भी ध्यान दें।

## ये भगवा लैंड हैं बाबा ओवर कॉफिडेंस तो यहां हैं और रहेगा

बाबा आये और कह गये कि ओवर कांफिडेंस ठीक नही हैं औरआडिटोरियम में वो उन सवालों को पूछ रहे थे जिनके जवाब भी यहां के भाजपाइयों को अब रट चुके हैं। ओवर काफिडेंस की बात चली तो पुराने भाजपाई ने ही कहा कि बाबा ये जिला गाजियाबाद हैं,यहां भाजपा जिन्दाबाद थी जिन्दाबाद हैं। बुरा मत मानना ये कोई बनारस लखनऊ थोड़े ही हैं कि सवा लाख का फूल खिलाने में सुबह से शाम हो जाये। बनारस वाले जीते इतने से और लखनऊ वाले जीते इतने से और गाजियबाद वाले जीते इतने से। यहां तो निगम वाले चुनाव में बगावत की आग जल रही थी तब 10 सीटो का इजाफा हो गया। 57 थी और 67 जीते। बागी भी बाद में राजी हो गये। नदियापार में जिस भगवान ने कोरोना काल में बोर्ड लगा दिया था घर के बाहर कि ना मिलो हमसे ज्यादा उसे पार्टी ने टिकट भी दिया और वो जीत भी गया। विधायक जी की तो बीच चुनाव में लेडीज से तकरार हुई तू तू मैं मैं हो गई उसकी वीडियो आई और विधायक जी इसके बाद भी उसी विधानसभा में पूरे देश में सबसे ज्यादा वोटो से चुनाव जीते। कई पार्षद ऐसे हैं जिनके घर वालों को यकीन था कि ये तो हारेगें ही मगर टिकट फूल का था तो वो भी जीत गये। बाबा आप विश्वास रखों कि ये भगवा लैंड हैं और ओवर काफिडेंस तो हैं और रहेगा।

## इंटरनल है घमासान किसने दिया हनुमान और गांधी का नाम

ये फूल वालों की पुरानी परिपाटी है कि यहां स्क्रिप्ट में नाम किसी का होता है और सीन में किसी की एंट्री हो जाती है। पूर्व जिलाध्यक्ष सिंघल जी बता देगें कि हैलीपैड पर उन्हे होना था और उनके कार्ड पर कोई और पहुंच गया था। बीते दिनो लखनऊ में स्टेट कार्यकारिणी में भी कोई समाजवादी भाजपाई एंट्री ले गया था तो हायतौबा मची थी। अब बाबा आये तो वैलकम वाले सीन में हनुमान भी मुस्कुराते हुये आये। सुना बात बात पर बबूल होने वाली फूल नेता ने आब्जेक्शन दाखिल किया। पूछा कि सुपर 25 में ये किसने बुलाये। ऐसी भी नही आई थी कि आंधी कि सीएम के वैलकम में बुला ली गांधी।




## क्या संपत्ति ब्यौरा देने में भी टॉप आएगी कमिश्नरेट पुलिस

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद तमाम रैंकिंग के पायदानों और अन्य पोर्टल पर फर्स्ट रहता है। देखना होगा कि जिस तरीके से पुलिस कर्मियों और पुलिस के शीर्ष से लेकर अधीनस्थ अधिकारियो को अगस्त लास्ट तक अपनी संपत्ति का पूरा विवरण देना है, इसको लेकर अभी लगातार टेंशन वाला माहौल बताया जा रहा है। सुनने में आ रहा है कि कई स्तरों पर चर्चाएं व जुगाड़ लगाने का काम चल रहा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले गाजियाबाद सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट के एक एडिशनल स्तर के अधिकारी के कार्यालय से बाकायदा संबंधित अधिकारियों के लिए लैटर जारी कर दिया गया है, कि किस तरीके से उनको इसका परफॉर्मा भरना है। सुनने में आया है कि यह भी बताया गया है कि क्या अधिक महत्वपूर्ण हैं और क्या नहीं। अब देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद सिस्टम में बड़ी संख्या में जो अधिकारी हैं, वह कौन-कौन और कितनी ईमानदारी के साथ अपने इस विवरण की जानकारी देते हैं। वैसे सुनने में आया है कि लखनऊ के साथ ही पुलिस मुख्यालय से भी कई अधिकारियों पर फोकस किया जाना है। वहीं कई जनपदों के अधिकारियों का विवरण जानने के लिए राजधानी वाले साहब लोग भी उत्सुक बैठे हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि कई थाना प्रभारी अपनी जमीन का आंकड़ा छुपाने के लिए प्लान बना चुके हैं। तो पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि कई उपनिरीक्षक अपनी पत्नियों के कामकाजी होने की कहानी का विवरण मुहैया कराने की शीट तैयार कर रहे हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में अधिकारियों के बीच भी इस फॉर्म को लेकर चर्चा है कि कैसे क्या दर्शाना है। देखना होगा जो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम तमाम रैंकिंग और अन्य मामलों में नंबर वन की रैंकिंग पर काबिज रहता वो इस कागजी कार्य में कैसा रहेगा देखना होगा। वहीं कहने वाले तो यहां तक कह रहे हैं कि यह सभी सरकार को इस ब्यौरे के मामले में कितनी सटीक और सही जानकारी देते हैं यह भी देखना होगा। वैसे जब यहां की रैंकिंग शतप्रतिशत रहती है तो इस मामले में भी शतप्रतिशत पुलिस अधिकारी कमिश्नरेट गाजियाबाद में इस आदेश का अनुपालन करेंगे, यह देखना बेहद दिलचस्प रहेगा।




## राशिफल

**मेष:** शिक्षा से जुड़े लोगों के लिए प्रगति संभव है। रुचि के विषयों में ज्ञान बढ़ेगा। व्यापार के क्षेत्र में आपको प्रशंसा मिलेगी और अच्छा प्रमोशन या प्रमोशन भी मिल सकता है।

**वृष:** आशानुरूप धन की प्राप्ति होगी। इस राशि के नौकरीपेशा लोगों को विशेष सफलता मिलेगी। ऑफिस में किसी बड़े अधिकारी का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन:** कुछ रचनात्मक करने के लिए ऑफिस से जल्दी निकलने की कोशिश करें। प्रतिस्पर्धियों पर विजय प्राप्त करेंगे। भावनाओं की प्रधानता से रिश्ते मधुर रहेंगे।

**कर्क:** आज आपके लिए अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी और आपको हर तरफ से लाभ मिलेगा। कार्यस्थल पर वरिष्ठों और सहकर्मियों के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे।

**सिंह:** काम ज्यादा होने पर थोड़े परेशान हो सकते हैं। करियर के मामले में चीजें बेहतर होने की संभावना है। परिवार के सदस्यों के साथ कुछ वाद-विवाद हो सकता है।

**कन्या:** आपके स्वभाव की उग्रता किसी से मनमुटाव का कारण बन सकती है। पेशेवर क्षेत्र में आप कुछ काम करने में सफल रहेंगे। आज अधिक लोगों से संपर्क बना रहेगा।

**तुला:** आज मिले-जुले परिणाम संभव हैं, लेकिन वे आपके पक्ष में रहेंगे। अनुत्पादक गतिविधियों में अपना समय और ऊर्जा बर्बाद न करें। अपने फैसलों पर पूरा ध्यान दें।

**वृश्चिक:** तरक्की के नए रास्ते खुलते नजर आएंगे। कोई शुभ समाचार मिल सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय बना रहेगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर बना रहेगा।

**धनु:** समाज हित में किए गए कार्य आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि करेंगे और आपके वर्चस्व में वृद्धि होगी। कोई बढ़िया नया विचार आपको आर्थिक लाभ देगा।

**मकर:** आपकी लोकप्रियता चरम पर होगी और आप बहुत महत्वपूर्ण लोगों से संपर्क स्थापित कर सकते हैं। आपके शत्रु आपका कुछ नहीं बिगाड़ेंगे।

**कुंभ:** करियर के मामले में आपको बड़ी सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। ऐसे लोगों से जुड़ेंगे जो आपकी हर तरह से मदद के लिए तैयार रहेंगे।

**मीन:** आपका स्वास्थ्य या परिवार में किसी को कष्ट हो सकता है। निजी संबंधों में मतभेद के कारण दरार आ सकती है। यात्रा सुखद रहेगी और बहुत फायदेमंद रहेगी।

## चुटकुले

एक बार पप्पू ट्रेन में सफर कर रहा था।
ट्रेन में बहुत भीड़ होने की वजह से वो एक गंजे आदमी के गोद में बैठ गया।
आदमी (गुस्से में) - हां, हां! मेरे सिर पर आकर बैठा जा।
पप्पू - नहीं, अंकल मैं यहीं ठीक हूं, वहां से फिसल कर गिरने का डर है।

पत्नी - कितनी देर से आपसे पूछ रही हूं कि आपके लिए आपके जीवन में सबसे बड़ी मुसीबत क्या है?
और आप पता नहीं क्यों मुझे ही घूर रहे हो, अरे! कुछ बोलो तो सही।

टीचर (स्टूडेंट से) - आज तुमने देर से आने का क्या बहाना ढूंढा?
स्टूडेंट - मैडम आज मैं इतना तेज दौड़कर आया कि बहाना सोचने का मौका ही नहीं मिला।

## निफ्टी ने फिर पार किया 25,000 का स्तर, ऑल-टाइम हाई से 50 अंक दूर

**मुंबई।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मुख्य सूचकांक निफ्टी एक बार फिर 25,000 के स्तर को पार कर गया है। दोपहर 1:35 पर निफ्टी 201 अंक या 0.79 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,025 अंक पर था। यह ऑल-टाइम हाई 25,078 से करीब 50 अंक दूर है। निफ्टी के साथ सेंसेक्स में भी तेजी का ट्रेड देखने को मिल रहा है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का मुख्य सूचकांक 656 अंक या 0.81 प्रतिशत की तेजी के साथ 81,739 पर था। बाजार में तेजी की वजह अमेरिकी शेयर बाजार में शुक्रवार को आई तेजी को माना जा रहा है। अमेरिकी फेड चेयरमैन की ब्याज दरों में कटौती के संकेत दिए जाने के बाद यूएस के बाजारों में बड़ी बढ़त हुई। बाजार में रुझान सकारात्मक बना हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1,343 शेयर हरे निशान में और 1,037 शेयर लाल निशान में थे। छोटे और मझोले शेयरों में भी खरीदारी का ट्रेंड बना हुआ है। इंडेक्स 73 अंक या

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।
करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन ने धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी त्योहार

## जन्माष्टमी महोत्सव में मुख्य अतिथि नीरज सिंह अपनी धर्मपत्नी के साथ एवं महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने शिरकत की





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन ट्रांस हिंडन क्षेत्र राजेंद्र नगर साहिबाबाद का जन्माष्टमी महोत्सव का कार्यक्रम महाराजा अग्रसेन भवन में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि नीरज सिंह सुपुत्र राजनाथ सिंह रक्षा मंत्री तथा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा तथा पूर्व महापौर आशु वर्मा मौजूद रहे। इस अवसर पर नीरज सिंह अपनी धर्मपत्नी नीलम सिंह के साथ पूरे कार्यक्रम में मौजूद रहे।


सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन महाराज तथा कुलदेवी लक्ष्मी पर दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दीप प्रज्ज्वलन में मुख्य अतिथि नीरज सिंह, संजीव शर्मा, संस्था के अध्यक्ष नरेश बंसल, महासचिव आशीष अग्रवाल तथा कोषाध्यक्ष दिनेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे। सबसे पहले बच्चों की बेस्ट मटेरियल से सजाओ प्रतियोगिता तथा फोटो फ्रेम सजाओ प्रतियोगिता हुई जिसमें परिधि गर्ग प्रथम तथा नंदिनी अग्रवाल द्वितीय स्थान पर रही। फोटो फ्रेमिंग प्रतियोगिता में भव्या गोयल प्रथम तथा द्वितीय आरुष रहे। इन दोनों प्रतियोगिता की जज रितु शर्मा रहीं। इसके बाद बच्चों की फैंसी ड्रेस तथा बच्चों के नृत्य आदि कार्यक्रम हुए अधिकांश लड़के भगवान श्रीकृष्ण तथा लड़कियां राधा के रूप में सजी हुई थीं। मंच संचालन संस्था की महिला सयोजिका रूबी अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में इसके पश्चात कपल डांस, सरप्राइज गिफ्ट तथा एकल नृत्य प्रस्तुत किए गए। संस्था की कार्यकारिणी की महिलाओं ने सामूहिक नृत्य करके सभी दर्शकों का मन मोह लिया तथा अंत में सौभाग्यशाली विजेता का ड्रा निकाला गया जिसमें संस्था के महासचिव आशीष अग्रवाल रूबी अग्रवाल को सौभाग्यशाली विजेता के रूप में लड्डू गोपाल मिले। कार्यक्रम में कार्यकारिणी में प्रमुख रूप से संरक्षक प्रमोद अग्रवाल मुख्य सलाहकार अनिरुद्ध अग्रवाल, मदनलाल गुप्ता, आर के सिंगल, सौरभ गर्ग, राकेश अग्रवाल, आकाश सिंघल, सुमित गोयल, शंकर मित्तल, सजल अग्रवाल, शिवम गर्ग, सुरेश गुप्ता, पंकज अग्रवाल, प्रदीप गर्ग आदि रहे तथा महिला कार्यकारिणी में मुख्य रूप से अध्यक्ष सविता अग्रवाल, महासचिव जोली सिंगल महासचिव नीतू गर्ग, कोषाध्यक्ष रश्मि गोयल, उषा गुप्ता सरोज बंसल, अनीता गोयल, मनु सिंगल, नेहा गोयल, शिल्पी अग्रवाल, सुमन गोयल, सीमाक्षी जायसवाल, दीपाली गर्ग, सुनीता मित्तल, नेहा मित्तल, विनीता अग्रवाल तथा प्रगति अग्रवाल रही। अंत में संस्था के महासचिव आशीष अग्रवाल ने सबका धन्यवाद किया।




# भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा ने सदस्यता अभियान संचालन टोली के साथ किया वर्चुअल संवाद

**भाजपा सदस्यता मिशन मिस्ड कॉल नं. 8800002024**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी महानगर गाजियाबाद के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने सोमवार को महानगर के पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी मोर्चे प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, मीडिया, सोशल मीडिया आदि सभी के साथ 1 सितंबर 2024 से होने वाले सदस्यता अभियान की तैयारी के बाबत वर्चुअल बैठक की। वर्चुअल बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि सभी मंडलों में कल तक कार्यशाला संपन्न करा कर मंडल में निवास करने वाले वरिष्ठ भाजपा नेता, कार्यकर्ता को बूथ लेवल तक सदस्यताअभियान की कड़ी से जोड़ना है। सदस्यता अभियान को गति देने के लिए मंडल के पदाधिकारी 20-20 लोगों की जिम्मेदारी को आपस में आवंटित कर सभी से फोन पर व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क कर सदस्यता अभियान की सक्रियता को बनाए रखना है। सदस्यता अभियान के बाद पार्टी के कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्य अभियान से जुड़ना है। कार्यकर्ता और नेता द्वारा सदस्यता अभियान की सक्रियता ही उनके सक्रिय सदस्य बनने का मार्ग तय करेगा इसलिए सब सदस्यता अभियान में पूर्ण सक्रियता से जुड़ जाएं। उन्होंने बताया कि मतदान का 75 प्रतिशत अंश को 8800002024 मिस्ड कॉल के माध्यम से सदस्यता अभियान से जोड़ना है, तभी सदस्यता अभियान के मायने सही सिद्ध होंगे।

# हनुमान चालीसा टीम और सर्व हिंदू समाज ने अखंड भारत संकल्प यात्रा 'बाइक रैली' का किया आयोजन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विजय नगर में हनुमान चालीसा टीम और सर्व हिंदू समाज ने अखंड भारत संकल्प यात्रा 'बाइक रैली' निकली। यह यात्रा विजयनगर रामलीला मैदान चाणक्य चौक से प्रारंभ होकर विजयनगर थाना चौक, डीएवी चौक,संतोष मेडिकल चौक,लीलावती चौक,सम्राट चौक होते हुए गौशाला फाटक हापुड मोड,घंटाघर,चौधरी मोड़ से निकलकर रामलीला मैदान विजयनगर पर समाप्त हुई। सारे हिंदू समाज को जागृत करने के लिए यह यात्रा निकाली गई जिसमें हिंदू समाज से 500 से अधिक मोटरसाइकिल व वाहन शामिल हुए।

अन्यान्य हिंदू संगठनों के लोग इसमें शामिल हुए। हनुमान चालीसा टीम के प्रमुख संजीव बरनवाल के नेतृत्व में यह यात्रा संपन्न हुई। राकेश चौहान, नवनीत सिंह, हरीश राजपूत, सुमित अरोड़ा, डॉक्टर पिंकी सिंह, सचिन भारद्वाज, भानु सिसोदिया, तनिष्क सिसोदिया, अशोक परिहार, योगेश त्यागी, अरविंद गुप्ता, संतोष राणा पार्षद, बालकृष्ण कुकरेजा, महेश शिशोदिया, धर्मेन्द्र रघुवंशी, प्रदीप जादौन, स्पर्श अग्रवाल, पंकज शर्मा आदि गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

# भागीरथ पब्लिक स्कूल में शहीद भगत सिंह कराटे चैंपियनशिप 2024 का आयोजन






**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** पांचवें शहीद भगत सिंह कराटे चैंपियनशिप का आयोजन भागीरथ पब्लिक स्कूल कैंपस के ग्राउंड में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मेजबानी भागीरथ पब्लिक स्कूल के निदेशक अमिताभ सुकुल और प्रबंधक अनादि सुकुल ने की। इस चैंपियनशिप का नेतृत्व खेल प्रशिक्षक नरेश चौधरी ने किया। प्रतियोगिता में दिल्ली-एनसीआर के 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। ये प्रतिभागी गुरुग्राम, फरीदाबाद, नॉर्थ दिल्ली, वेस्ट दिल्ली, बिजनौर और गाजियाबाद से आए थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एस. के. त्यागी (इंडिया सिक्योरिटी खो-खो संगठन), डॉ. ऋचा सूद (ओनर ऑफ रॉयल किड्स), अशोक नागर और डॉ. प्रवीण कुमार शामिल हुए। प्रतियोगिता का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के बाद स्कूल की संस्थापिका स्व. कमला सुकुल को श्रद्धांजलि अर्पित करके किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के प्रतिभागियों ने प्रतिभा, कौशल और तकनीक का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता मे जीतने वाले खिलाड़ियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विद्यालय के निदेशक अमिताभ सुकुल और अनादि सुकुल ने बच्चों की प्रतिभा और कौशल की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी और जीवन में आगे बढ़ाने की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या अल्पना श्रीवास्तव ने विजयी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके खेल कौशल की प्रशंसा की।

# आर्य समाज राजनगर ने धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर स्थित आर्य समाज मंदिर में गत सप्ताह से चल रहा वेद प्रचार समारोह श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के साथ बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा० वीरेंद्रनाथ सरदाना ने की। मंच का कुशल संचालन आर्य समाज के यशश्वी मंत्री सत्यवीर चौधरी ने किया। सात दिवसीय वेद प्रचार कार्यक्रम में यज्ञ के ब्रह्मा रहे वीरेंद्र शास्त्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि कृष्ण भगवान प्रतिदिन यज्ञ करते थे। संसार के महान आप्त पुरुष थे। आज हमें आवश्यकता है कि उनके चरित्र को जीवन में अपनाएं एवं अंधविश्वास को दूर भगाएं। पंडित नरेश निर्मल ने अपने भजनोपदेश में योगेश्वर श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर महाभारत युद्ध की कथा का वर्णन करते हुए सुंदर भजन प्रस्तुत किए । कुलदीप आर्य ने भी अपने भजनों के माध्यम श्रीकृष्ण भगवान के गुणों का वर्णन किया। स्वागत अध्यक्ष ओमप्रकाश आर्य ने सभी विद्वानों को वस्त्र देकर सम्मानित किया। आर्य समाज के संरक्षक श्रद्धानंद शर्मा ने सभी का धन्यवाद करते हुए आर्य समाज की विचार धारा से जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर आध्यात्मिक क्रांति पुस्तक का विद्वानों द्वारा विमोचन किया गया। इस पुस्तक के रचियता सत्यपाल सिंह को भी सम्मानित किया गया। ज्ञानेंद्र सिंह आर्य, सेवाराम त्यागी, नरेंद्र पांचाल, पार्षद प्रवीण चौधरी, विजयपाल कसाना, कृष्णदेव आर्य, सलेक भईया, शशि बल गुप्ता, कौशल गुप्ता, शिल्पा गर्ग, वंदना अरोड़ा, आशा चौधरी, आर्य सुमित खारी, शहर की सभी आर्य समाजों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनसंख्या समाधान फाउंडेशन ने सुख सागर फार्म हाउस पर बैठक का आयोजन किया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की एक आवश्यक बैठक रविवार को सुख सागर फार्म हाउस पर की गई। इस बैठक में बांग्लादेश के अंदर हिंदू समाज की हत्या, मंदिरों में तोड़ फोड़, मंदिर में आगजनी, महिलाओं का उत्पीड़न व हिंदुओं को भगाने का षड्यंत्र किया जा रहा है, के विषय पर चर्चा की गई। केंद्र सरकार से मांग की गई कि बांग्लादेश में रह रहे हिंदू धर्म के लोगों को सुरक्षा दी जाये, जान माल की रक्षा की जाये, मंदिरों को दुबारा बनाया जाये। बांग्लादेश की सरकार अगर हिंदुओं को सुरक्षा देने में असमर्थ है, तो बांग्लादेश के अंदर ही हिंदुओं के लिए अलग से सुरक्षित स्थान दिया जाये।

### प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी को देंगे

**करंट क्राइम।** बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 01 सितंबर 2024 को लगभग 100 से ज्यादा सामाजिक, धार्मिक व्यापारिक व आरडब्ल्यूए के साथ मिल कर दुर्गा भाभी चौक, नवयुग मार्केट सिहानी गेट पर इकट्ठा हो कर प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन ज़िलाधिकारी को देंगे। बैठक में 25 संगठनों ने 01 सितंबर 2024 को रैली में आने की सहमति प्रदान की है। जिस में इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन, खत्री सभा, आर एस एस, विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय व्यापार मंडल, सर्वपंजाबी सभा, कई मंदिरों के पदाधिकारीगण, आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी गण ने इस कार्यक्रम में आने की सहमति प्रदान की है। सभी को 5 सहमति फॉर्म दिये गये हैं । लगभग 80-100 सहमति पत्र आने की आशा है।

### गणमान्य लोग रहे उपस्थित

**करंट क्राइम।** बैठक में डॉ. वीके शर्मा हनुमान, महेश कुमार आहूजा, बृजेश्वर कुमार बंसल, पवन गहलोत, स्वतंत्र चौधरी, हरवीर सिंह, नीरज जी, नेपाल सिंह, सुनील चंद तिवारी, चेतन शर्मा, अरविंद भारद्वाज, सौरभ यादव, अशोक भारतीय, दीपक त्यागी, सतीश चंद त्यागी, सुनील त्यागी, रुद्र त्यागी, कुलवंत खारी, लव त्यागी, केसरी कुमार मिश्र, देवंदर कुमार बंसल, रमेश चंद शर्मा, अनिल अरोड़ा, सी पी सिंह, बालिश्तर त्यागी, हरि राज त्यागी, सतीश चोपड़ा, सरदार बलदेव सिंह, वेद प्रकाश तोमर, विनय कक्कड़, गुलशन भांबरी, एस पी त्यागी, वंदना त्यागी, श्याम सुंदर त्यागी, रिंकु त्यागी, सुनीता त्यागी, शारदा चौहान शामिल हुए।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम उठते सवालों का करंट



**दीपक भाटी**
समाचार सम्पादक

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमको है इस बात की हैरानी? क्यों बाहर नहीं आ रही है दावेदारी को लेकर खादी वालों की कहानी? हमें पता है राजनीति में कमजोर नहीं है उनका किरदार? वो ऐसे भी नहीं है जो डाल दे इतनी जल्दी हथियार? फिर ना जाने क्यों उनकी दावेदारी की बात नहीं आ रही है बाहर? क्या इस बार उन्होनें बदल दिया है अपनी दावेदारी का किरदार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** करो आप हमारी बात पर ट्रस्ट? जनरली साहब के परिवार के लोग नहीं ले रहे हैं शहर विधानसभा चुनावों में कोई इंटरेस्ट? ये तो उनके समर्थक बना रहे हैं इस तरह का माहौल? अगर होती हकीकत में चुनाव लड़ने की ख्वाहिश? तो दीदी के अब तक दो चार लग चुके होते शहर विधानसभा में कार्यक्रम? अगर दावेदारी होती तो पूरी हो गई होती समर्थकों की ये वाली फरमाईश?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** क्रान्तिकारी विधानसभा के सौम्य मावी जी का दिल तो होता होगा बहुत ज्यादा खुश? जब वो देखते होंगे कि उनके छोटे भाई नितिन मावी ने पूरी सौम्यता से भगवागढ़ की राजनीति में अपना नाम कर लिया है पुश? कहने वाले ने कहा मैं बैठा था पार्टी के वरिष्ठ लोगों के बीच? वहां पर चर्चा में सुनाई दे रहा था नितिन भैया का नाम? कहने वाले यही कह रहे थे ये चेहरा अपने इसी व्यवहार के दम पर पार्टी में आने वाले समय में बनायेगा मजबूत स्थान? जब पढ़ेंगे बड़े वाले मावी जी ये सवाल तो जरूर आयेगी उनके चेहरे पर मुस्कान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवागढ़ के सिंह इज ब्लिंग वाले भगवा सरदार जी को बढ़ानी होगी अपनी दावेदारी की दौड़? हमें पता चला है कि एक पंजाबी चेहरे दावेदारी की रेस में उन्हें आए दिन पीछे रहे हैं छोड़? भैया जी के घर से लेकर चुग जी के दिल में मजबूत चल रहा है इन पंजाबी चेहरे का नाम? सौम्यता और कर्मठता के मामले में सरदार जी का भी नहीं है कोई तोड? बस बन जाएगी उनकी बात? बस पहले से थोड़ा ज्यादा लगा दें वो जोर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आप हल्के में मत लो शहर विधानसभा सीट पर पूर्व विधायक मुकुल उपाध्याय की दावेदारी? वो तब बन गए थे विधानसभा और विधान परिषद के सदस्य? जब कोई युवा चेहरा करता है राजनीति में आने की तैयारी? हमें पता चली है ये बात, यूं ही नहीं उन्होंने डाला है शहर विधानसभा में हाथ? कुछ तो मिले हैं उन्हें ऊपर से इस सीट के ब्राह्मण कोटे में जाने के संकेत? यही वजह है कि आजकल हर मजबूत जगह पर मजबूत मीटिंग कर रहे हैं राजनीति के ये मंझे हुए फेस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवागढ़ का अल्पसंख्या मोर्चा बड़े दिनों से चल रहा था सुस्त? भगवा कमांडर ने यहां पर नई एन्ट्री करके कर दिया मोर्चे के मामले को चुस्त? कहने वाले ने कहा हमें नई ताजपोशी से नहीं है कोई कष्ट? मगर जिस चेहरे की हुई हो कुछ महीनों पहले ही एन्ट्री? उसको क्यों इतना बड़ा दायित्व दिया गया, स्थितियां होनी चाहिए स्पष्ट? सुना है इस ताजपोशी से कई चेहरे हैं हैरान? कहने वाले कह रहे हैं कुछ तो बात होगी इस चेहरे में? जो संगठन ने दी है उनको ये पहचान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** टीटू जी के जज्बे को देखकर भगवागढ़ के सिंह इज ब्लिंग वाले सरदार जी को भी करना चाहिए कुछ बड़ा ऐलान? उन्हें टीटू भैया के जज्बे से प्रेरणा लेनी चाहिए? देखना चाहिए कैसे विपक्ष का एक चेहरा भगवा कोटे से टिकट की कर रहा है डिमांड? कहने वाले ने कहा ऐसे ही जज्बों से मजबूत जाता है बिरादरी का संदेश? टीटू भैया बना रहे हैं कुछ ऐसा ही बेस? इस बेस का भगवा सरदार जी को भी मिल सकता है लाभ? इसलिए सरदार जी को दूसरे सरदार जी के जज्बे का मानना चाहिए प्रभाव?


▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम बैठे थे भगवा दावेदार उपाध्याय जी के नजदीक? उनके शब्द कर रहे थे उनके बड़े दिल की तस्दीक? वो कर रहे थे किसी से भगवा कमांडर की कार्यशैली की तारीफ? कह रहे थे मैंने देखा था सीएम साहब का कार्यक्रम? उसमें कमांडर की कार्यशैली की एक एक व्यवस्था थी बारीक? कमांडर की वर्किंग ने किया हुए है कार्यकताओं को फ्रैश? इसलिए उनकी कार्यशैली से हम तो हैं इम्प्रैस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अगर आप करोगे शहर विधानसभा उपचुनाव को लेकर पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा से बात? बातों में वो आपको बिल्कुल भी नहीं होने देंगे अपनी दावेदारी का एहसास? जब भी आप पूछोगे वो अपने तर्कों के हिसाब से देंगे मामले को टाल? मगर सच बताएं पार्टी आला कमान में उनके नाम ने मचाया हुआ है कमाल? ऊपर चल रही है इस नाम की जबरदस्त चर्चा? भले ही मिस्टर शर्मा मना कर रहे हों भरने से पर्चा?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा कमांडर के बिरादरी के मंत्री भले ही गा रहे हों फेसबुक पर अनदेखी के गाने? मगर संगठन वालों के तो कुछ और ही हैं उनको लेकर तराने? कहने वाले ने कहा हम बैठे थे कुछ ऐसे ही संगठन के चेहरों के नजदीक? वो कह रहे थे चार बार जो काम बताए उस पर नहीं किया मिस्टर मंत्री ने कोई रिप्लाई? अपने कष्टों में इस बात का भी करें वो जिक्र? एक तरफा इमोशन परोसना इस बात की फिक्र ?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नन्ही परी अनाइका के हैप्पी बर्थडे पर उसे आशीर्वाद शुभाशीष का स्पेशल गिफ्ट मिला। तस्वीरों के अलग अलग अंदाज से क्यूट डॉल को स्पेशल फील कराया गया। जन्मदिन की खुशियों को समेटे यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

## की खुशियों को पाठकों ने करंट क्राइम परिवार के साथ साझा किया


करंट क्राइम दिविशा त्यागी


करंट क्राइम दुर्वाक्षी मिश्रा


करंट क्राइम इनाया बांचीवाल


करंट क्राइम काजल सिंह सेंगर


करंट क्राइम कणव कान्हा


करंट क्राइम कार्तिक तोमर


करंट क्राइम मानसवी


करंट क्राइम मुदित कुमार


करंट क्राइम पीयूष


करंट क्राइम प्रिंस गुप्ता


करंट क्राइम सिरयांश रग्वा








करंट क्राइम सोहन कुमार साहू


करंट क्राइम तरुण्या शर्मा


करंट क्राइम विराज वर्मा


करंट क्राइम आरव


करंट क्राइम अधिराज त्यागी


करंट क्राइम अद्विक दांगी





करंट क्राइम अक्कू


करंट क्राइम अनिरुद्ध और अमायरा


करंट क्राइम अश्वत और मायरा


करंट क्राइम व्योमिका सिसोदिया







## विजयनगर, सेक्टर 9, जी ब्लॉक के परशुराम पार्क में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर किया पौधरोपण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद, विजयनगर, सेक्टर 9, जी ब्लॉक के परशुराम पार्क में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर किया पौधरोपण। मुख्य अतिथि डॉ. एम.एल. त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि पूर्व महानगर महामंत्री भाजपा लेखराज माहौर, पूर्व पार्षद चंपा माहौर और भाजपा के मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र त्रिपाठी ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि पेड़ पौधे लगाने से हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलता है। शुद्ध हवा जीवन के लिए बहुत ही आवश्यक होती है। पौधरोपण करना और उसकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। पूर्व महानगर महामंत्री लेखराज माहौर ने कहा कि हमें यह बात नहीं भूलनी चाहिए कि देश में ऑक्सीजन की कमी की वजह से हजारों लोगों की जान चली गई थी।



हमें अपने आसपास पार्कों में खाली स्थान पर हरे-भरे पेड़-पौधे लगाने चाहिए और उनकी देखभाल तब तक करनी चाहिए, जब तक वह मजबूत और बड़े ना हो जाएं।

पूर्व पार्षद चम्पा माहौर ने कहा कि इस वर्ष देश में सबसे अधिक पेड़-पौधे लगाए गए हैं। पूर्व पार्षद ने अधिक पौधे लगाने के लिए सभी से निवेदन किया। इस अवसर पर संजय शर्मा, ओमप्रकाश कौशिक, पवन भाटिया, सुनील गुप्ता, कमल किशोर, बाबू राम शर्मा, संजय पाठक, ओम स्वरूप व हेड माली विनोद कुमार आदि उपस्थित रहे।



## जन्माष्टमी त्यौहार पर वैदिक रीति-रिवाज से किया गया राधा-कृष्ण की प्रतिमा का अनावरण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कौशांबी स्थित शिप्रा अजूर टावर में श्रीराम जानकी मंदिर में सोमवार को जन्माष्टमी के पावन पर भगवान राधा-कृष्ण की प्रतिमा का अनावरण वैदिक रीति-रिवाज से किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद भाजपा नेता डॉ मनोज गोयल ने वहां के निवासियों को जन्माष्टमी की बधाई दी। इस अवसर पर अतुल गुप्ता, अनुज मोदी, नरेंद्र जैन पूर्व जज अरविंद महेश्वरी, ललित भटनागर, पुनीत गर्ग, मनोज गुप्ता, अमित अग्रवाल, राजीव रमन श्रीवास्तव, धीरेंद्र शर्मा, अंकुर जैन, प्राची माथुर, मुक्ता गर्ग अब अवनी मोदी, मालविका महेश्वरी, भूमि गुप्ता, निरुपमा, साधना भटनागर, दीपिका भाटिया, दीपा अग्रवाल, नमिता करनवाल सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में रहे।





## श्रीराम आनंद विहार मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का भव्य आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्रीराम आनंद विहार मंदिर में इस वर्ष श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 6 बजे से हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर परिसर को फूलों, दीपों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया, जिससे पूरा मंदिर परिसर अद्भुत रूप से सज्जित नजर आया। मंदिर में श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की पूजा-अर्चना की गई। मध्यरात्रि में श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की आरती की गई एवं ठाकुर जी को भोग लगाया गया। इस अवसर पर माखन मिश्री और अन्य पारंपरिक प्रसाद भक्तों के बीच वितरित किया गया। धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम : मथुरा से विशेष रूप से आई हुई मंडली ने श्रीकृष्ण आधारित वैले प्रस्तुत किया, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रीकृष्ण की बाल लीला देखकर श्रद्धालुओं में उल्लास और भक्ति की भावना जाग उठी।





इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। श्रीराम आनंद विहार के अध्यक्ष दिनेश सी गुप्ता ने सभी भक्तों और आयोजनकर्ताओं को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन न केवल हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखते हैं, बल्कि समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे को भी बढ़ावा देते हैं।







**शिप्रा सन सिटी शिव मंदिर, शिव धाम में जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर प्रभु राधे-कृष्ण को बेहद खूबसूरत तरीके से सजाया गया है। सोमवार रात 12 बजे तक भजन-कीर्तन होगा, साथ ही कृष्ण जन्म भोज प्रसाद भी वितरण किये जाएंगे। शिप्रा अध्यात्म योग ने पूजा-अर्चना स्वरूप यह भव्य व्यवस्था की है।**



करंट क्राइम जन्माष्टमी के पर्व पर राम नगर में भगवान श्रीकृष्ण की रथ यात्रा निकाली गई जिसका प्रारम्भ नारियल फोड़ कर किया। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद नीरज गोयल, हिमांशु स्वामी, अनुराग स्वामी, विशाल मंडोत्रा, गणेश बीकानेर वाला, वागीश शर्मा, संजय रहेजा, जीतू बीकानेर वाला आदि उपस्थित रहे।

# हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की!!

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

## की खुशियों को पाठकों ने करंट क्राइम परिवार के साथ साझा किया




करंट क्राइम आरू गुप्ता

करंट क्राइम आव्यांश और काव्यांश त्यागी

करंट क्राइम अनायशा सरस राधा

करंट क्राइम एंजल चौधरी

करंट क्राइम अंजलि, विराज और मिष्टी

करंट क्राइम अन्ना

करंट क्राइम अर्पिता मिष्टी

करंट क्राइम अयांश गोयल

करंट क्राइम जीविका त्यागी

करंट क्राइम लड्डू

करंट क्राइम ओम आरव गोस्वामी

करंट क्राइम पिहू गुप्ता

करंट क्राइम पीयूष दुबे

करंट क्राइम मिशिका दीक्षित

करंट क्राइम नीरा सैनियन और सैनी

करंट क्राइम नितिन सिन्हा पत्नी अनु सिन्हा

करंट क्राइम शिवांक त्यागी

करंट क्राइम स्वाति चौधरी

करंट क्राइम वंशीत त्यागी

# हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की!!

